# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कांकेर
## जिला–उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

Email ID-cmhokankercg@gmail.com

क्रमांक / मु.चि.अ. / डी.एम.एफ. / 2026 / 707 कांकेर, दिनांक 12 / 02 / 2026

## / / विज्ञापन / /

**जिला न्यास संस्थान (डी.एम.एफ.टी.) मद** से जिले के विकासखण्ड – **भानुप्रतापपुर,,अंतागढ़,दुर्गकोंन्दल,कोयलीबेडा** में संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं–सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के सुदुर अन्दरूनी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु चिकित्सा विशेषज्ञ / अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मियों व अन्य रिक्त पदों की भर्ती हेतु वॉक–इन इंटरव्यू आयोजित किया जाना है। इस हेतु योग्य एवं इच्छुक अर्हताधारित आवेदक निर्धारित तिथियों में अनिवार्य शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ **कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सेन चौक, जिला – उ.ब. कांकेर (छ.ग.)** में निर्धारित दिनांक 23/02/2026, 24/02/2026, 25/02/2026, 26/02/2026 को निर्धारित समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर भर्ती प्रकिया में शामिल हो सकते है। स्पीड पोस्ट,रजिस्टर डाक,कुरियर या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नही किया जावेगा, विवरण निम्नानुसार है :–

रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है:–

| S.N | Post Name | Qualification | Salary | Total Post | ST | SC | OBC | UR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Medicine Specialist | **Essential Qualification-MBBS & PG Degree/Diploma in Respective Specialty with Registration in Concerned Medical Council** | 165000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | Radiologist | | 165000 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | Pediatrician | | 145000 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | Orthopedic Specialist | | 132000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | Gynaecologist | | 88000 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | Medical Officer | Bachelor of Medicine, Bachelor of Surgery (MBBS) degree from a recognized Indian medical institution | 70000 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 7 | Staff Nurse | BSC Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chattisgarh Nursing Registration Council | 16500 | 12 | 7 | 0 | 2 | 3 |
| 8 | Lab Technician | DMLT or BMLT Course with Registration in C.G.Parramedical Registration Council. | 15000 | 4 | 2 | 0 | 0 | 2 |
| 9 | Pharmacist | Degree or Diploma in Pharmacy & Registration in Pharmacy Registration council. | 15000 | 8 | 4 | 0 | 1 | 3 |
| 10 | Dresser | One year Dresing Diploma & Registratoin in C.G.Parramedical Registration Council. | 14000 | 8 | 4 | 0 | 1 | 3 |
| 11 | ANM [RHO] | 12th Passed, ANM Passed & INC Affiliated Training Center & Live Registration on Chhattisgarh Nursing Registration Council. | 13000 | 5 | 3 | 0 | 1 | 1 |
| 12 | Data entry Operator | 12th Passed with at least 1 year Diploma in Computer Applications. | 12000 | 5 | 3 | 0 | 1 | 1 |
| 13 | X-ray Technician | 10+2 with Biology/X-Ray technician Paramedical Course & Live Registration Council. | 15000 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 14 | Counseller | P.G.Degree/Diploma in Psychology/Counciling/Health Education/Mass communication/Social Science | 15000 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 15 | ECG Technician | 10+2 with Biology/ECG technician Paramedical Course & Live Registration Council. | 14000 | 6 | 3 | 0 | 1 | 2 |
| 16 | Ward boy | $8^{th}$ Pass | 8000 | 4 | 2 | 0 | 0 | 2 |
| 17 | Ward aaya | $8^{th}$ Pass | 8000 | 5 | 3 | 0 | 1 | 1 |
| | **TOTAL** | | | 71 | 37 | 0 | 8 | 26 |

Scanned with OKEN Scanner

## भर्ती की नियम व शर्ते :–

1. यह नियुक्ति,न नियमित है और न ही संविदा है। यह नियुक्ति केवल स्थानीय (लोकल) (कांकेर जिले के स्थानीय निवासी) व्यवस्था के तहत् आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था के लिए की जा रही है, इनके स्थान पर नियमित/संविदा नियुक्ति हो जाने पर यह स्वतः समाप्त हो जायेगी।
2. भर्ती जिला खनिज न्यास न्यास निधि के तहत् मानव संसाधन की कमी की पूर्ति हेतु कांकेर जिला के स्थानीय योग्यताधारी बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाना है।
3. यह नियुक्ति उपस्थिति दिनांक से एक (01) वर्ष के लिए की जा रही है, कार्य संतोषजनक तथा आबंटन प्राप्त होने की स्थिति में ही सेवा वृद्धि दी जा सकती है। तथा कार्य संतोषजनक नही होने की पर किसी भी समय सेवा समाप्ति करने हेतु शासन पक्ष स्वतंत्र होगा।
4. मानदेय–सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार के भत्ता सुविधा देय नही होगी।
5. सेवा समाप्ति के पूर्व किसी भी समय किसी भी पक्ष द्वारा एक माह पूर्व नोटिस अथवा 01 माह का वेतन जमा/देकर सेवा समाप्त की जा सकती है।
6. लगातार एक माह से अधिक अवधि तक अनुपस्थित रहने पर सेवायें स्वतः समाप्त मानी जावेगी।
7. विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर में सुधारी जा सकती है। ऐसे त्रुटि सुधार से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी। इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकारा नही जायेगा।
8. **ऐसे अभ्यर्थी जिनका अंकसुची ग्रेडिंग पद्धति का है,को ग्रेडिंग गणना पद्धति द्वारा प्रतिशत का उल्लेख करना अनिवार्य है। तथा इस संबंध में संबंधित शैक्षणिक संस्था/स्कूल से संस्था प्रमुख द्वारा जारी गणना पत्रक/चार्ट की सत्यापित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं।निर्धारित तिथि में आवेदन के साथ गणना पत्रक प्रस्तुत नही किये जाने की स्थिति में आवेदक को अपात्र किया जावेगा।**

## चयन प्रकिया एवं दिशा निर्देश

1. आवेदक को छ.ग. का मूल निवासी तथा कांकेर जिले का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है। निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी स्तर से जारी मूल प्रमाण पत्र लाना होगा। एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. छ.ग. कांउसिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र जिन पदों हेतु लागु है,(संलग्न करना अनिवार्य है)एवं जिला रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन अनिवार्य है। यदि नवीनीकरण या नहीं होने की दशा में साक्षात्कार/लिखित परीक्षा के लिये आवेदक अपात्र होगा।
3. **तृतीय व चतुर्थ श्रेणी (16,500.00 रू. या 16,500.00 रू. से कम एकीकृत वेतनमान) के पदों पर कांकेर जिले के निवासी को प्रथम प्राथमिकता प्रदान किया जावेगा, एवं बस्तर संभाग के अन्य जिलो से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकारणीय/प्राथमिकता नही दी जावेगी ।**
4. **चतुर्थ श्रेणी के पात्र अभ्यार्थियों को मेरिट क्रमानुसार प्राथमिकता प्रदान करते हुए नियुक्ति दिया जावेगा।**
5. **चिकित्सा विशेषज्ञ/चिकित्सा अधिकारी के पदों में छ.ग. प्रदेश के सभी अभ्यार्थियों को समान अवसर प्राप्त होंगे।**
6. **पद A.N.M [RHO] Female हेतु ए.एन.एम. प्रशिक्षित मितानिन को प्राथमिकता प्रदान किया जावेगा।**
7. **पद Dresser Male & Female हेतु 01 वर्ष ड्रेसर प्रशिक्षित उम्मीदवार को प्राथमिकता प्रदान किया जावेगा।**
8. **पद डाटा एन्ट्री ऑपरेटर हेतु कौशल/लिखित परीक्षा हिन्दी/अंग्रेजी** माध्यम में आयोजित परीक्षा में कम्पयूटर वर्ड/एक्सेल/पावरपांइट में कम्प्यूटर बेस्ड, स्किल टेस्ट में निपुण अभ्यर्थी को सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जावेगी।
9. आयुसीमा– उक्त भर्ती प्रकिया में न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा अन्य पदों की अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी। आयु गणना हेतु आधार वर्ष 01.01.2026 होगा। शासकीय व अर्धशासकीय सेवा में कार्यरत/सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन के नियमानुसार छूट की पात्रता होगी। आयु सीमा में छ.ग. शासन द्वारा दिए जाने वाले सभी छूट सम्मिलित है।
10. मेरिट सूची में समान अंक होने की स्थिति में जन्मतिथि एवं अनुभव के आधार पर वरिष्ठता का निर्धारण किया जायेगा।यदि जन्म तिथि भी समान हो तो अंग्रेजी वर्ण माला के प्रथम नामाक्षर के आधार पर वरीयता तय की जायेगी।
11. एक से अधिक पदों में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

Scanned with OKEN Scanner

12. उक्त पद के लिए पदवार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जाएगी जिसकी वैद्यता जारी दिनांक से 01 वर्ष तक होगी।

13. अभ्यर्थी आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकाएं।

14. बिना हस्ताक्षर के अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नही किये जायेगे।

15. उपरोक्त पदों पर आवेदक को निम्न अभिलेखों के साथ उपस्थित होना है। (1) 8वी/10वीं/12वीं की अंक सूची (2) स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षा के समस्त वर्षो की अंक सूची। (3) मेडिकल कौंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र (4) अनुभव/अनापत्ति प्रमाण पत्र (अंको की गणना केवल शासकीस संस्था/उपक्रम/निगम मंडल के द्वारा जारी अनुभव निर्धारित प्रारूप जिसमें कार्यालय का नाम, शाखा, जावक क्रमांक, दिनॉक का स्पष्ट उल्लेख हो) (5) मूल निवास प्रमाण पत्र (7) जाति प्रमाण पत्र (8) रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र )

16. आवेदक को आवेदन के साथ मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता,मेडिकल काऊसिंल/छत्तीसगढ़ काऊंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र अनुभव संबंधित प्रमाण पत्र, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र,पासर्पोर्ट साईज फोटो व अन्य दस्तावेजो की छायाप्रति अनिवार्यतः स्व-सत्यापित कर संलग्न करें। संलग्न नही किये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त करने का अधिकार चयन समिति को होगा।

17. साक्षात्कार परीक्षा/लिखित परीक्षा में अनुपस्थित होने पर अभ्यर्थी को अपात्र माना जायेगा।

18. निर्धारित तिथि का पंजीयन समय के बाद उपस्थित होने पर आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा।

19. आवेदक द्वारा आवेदन में संलग्न किये सभी स्वःप्रमाणित/अभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां भी वॉक-इन-इंटरव्यूह के समय अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा अन्यथा वह योग्य नही होगा।

20. अभ्यर्थियों को उपस्थित होने के लिये किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

21. शासकीय/अर्धशासकीय में कार्यरत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा आवेदन अपात्र माना जावेगा।

22. शासकीय कारणों से अधिसूचित/जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा रिक्तियों में पदों की संख्या को घटाया एवं बढाया जा सकता है या निरस्त भी किया जा सकता है।

23. उक्त नियुक्ति का चयन जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जावेगा।

24. अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रो के संबंध में उम्मीद्वारो को कोई सूचना नहीं दी जावेगी। प्रत्येक आवेदकों को चाहिए कि विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रुटि अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

25. उक्त पद में नियुक्ति पश्चात् किसी प्रकार के स्थानांतरण/संलग्नीकरण की पात्रता नही होगी एवं सेवा समाप्ति के पश्चात् अभ्यर्थी को किसी प्रकार की पेंशन भत्ता व अन्य राशि नही दी जावेगी तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नही देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जाएगी एवं प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी का चयन कर उक्त पद हेतु नियुक्ति की जावेगी।

26. भर्ती प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या का निराकरण करनें एवं अंतिम निर्णय का सर्वाधिकार कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला खनिज संस्थान न्यास निधि प्रबंधकारिणी समिति जिला-उ.ब. कांकेर एवं जिला स्वास्थ्य चयन समिति कांकेर का होगा।

27. आरक्षण जिले में प्रचलित रोस्टर पद्वति के अनुसार आरक्षण का प्रावधान लागू किया जावेगा।

28. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकारी प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।

29. पद के शैक्षणिक योग्यता का 70 प्रतिशत अंक के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार की जावेगी जिसमें से रिक्त पदों के 10 गुना उम्मीदवारो को साक्षात्कार/लिखित परीक्षा के लिए स्वीकार किया जावेगा।

30. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया गया है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन की प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा और इस संबंध में किसी भी दावा मान्य नही किया जावेगा।

31. अन्य संस्थाओं में समान वेतन एवं समान सामर्थ्य में कार्यरत आवेदकों को आवेदन करने की स्वतंत्रता रहेगी किन्तु लिखित/साक्षात्कार परीक्षा के पूर्व उन्हे सेवा शर्तो के अनुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, यह प्रमाण पत्र केवल नियोक्ता द्वारा जारी पर ही स्वीकार होगा।

Scanned with OKEN Scanner

32. अभ्यर्थी, जिनकी सेवायें किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग/शासन द्वारा वित्त संस्थाओं द्वारा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण से समाप्त की गयी है, उन्हें अपात्र उम्मीदवार की श्रेणी में रखा जावेगा।

33. पात्र/अपात्र व मेरिट सूची एवं चयन प्रक्रिया के पश्चात परिणाम कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला–उ.ब.कांकेर के सूचना पटल पर एवं जिले की वेबसाईट www.Kanker.gov.in पर प्रकाशित किया जावेगा। आवेदक स्वयं यहाँ से जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य के माध्यम से कोई सूचना नही दी जावेगी।

34. चयन प्रकिया व साक्षात्कार/लिखित परीक्षा अंतिम चयन सूची निम्न आधार पर बनायी जावेगी –

**b.** शैक्षणिक योग्यता – 70 प्रतिशत।

**b.** साक्षात्कार/लिखित/कौशल परीक्षा – 20 अंक

**C.** अनुभव – 10 अंक (प्रतिवर्ष 02 अंक)

साक्षात्कार/लिखित परीक्षा में 30 प्रतिशत से कम अंक आने पर नियुक्ति हेतु अपात्र घोषित कर दिया जावेगा।

भर्ती प्रकिया अन्तर्गत स्थान व तिथिवार पदों की जानकारी

भर्ती प्रकिया का स्थान :– कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सेन चौक जिला–उ.ब. कांकेर,(छ.ग.)

| क. | पदनाम | आवेदन पत्र जमा करने हेतु एवं दस्तावेज सत्यापन एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | Medicine Specialist | 23.02.2026 सोमवार पंजीयन – प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक। |
| 2 | Radiologist | |
| 3 | Pediatrician | |
| 4 | Orthopedic Specialist | |
| 5 | Gynaecologist | |
| 6 | Medical Officer | |
| 7 | Staff Nurse | 24.02.2026 मंगलवार पंजीयन – प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक। |
| 8 | ANM [RHO] | |
| 9 | Counseller | |
| 10 | Pharmacist | 25.02.2026 बुधवार पंजीयन – प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक। |
| 11 | Lab Technician | |
| 12 | ECG Technician | |
| 13 | X-ray Technician | |
| 14 | Data entry Operator | 26.02.2026 गुरुवार पंजीयन – प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक। |
| 15 | Dresser | |
| 16 | Ward boy | |
| 17 | Ward aaya | |

Scanned with OKEN Scanner

नोट :– 1. उक्त पदों हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर आवेदक को स्वयं उपस्थित होकर आवेदन करते हुए दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा। आवेदन पत्र डाक,कोरियर या अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जावेगा।

2. उक्त निर्धारित दिनांक एवं समय पर पद आवेदकों की संख्या अधिक होने पर केवल सत्यापन का समय व दिवस में परिवर्तन किया जा सकता है।

3. प्राप्त आवेदन पत्रों के दस्तावेज सत्यापन एवं स्कुटनी के पश्चात् पात्र/अपात्र,दावा आपत्ति आवेदन हेतु सूचना तथा मेरिट सूची एवं कौशल परीक्षा में उपस्थित होने संबंधी समस्त सूचना तथा अंतिम सूची का प्रकाशन कार्यलय सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट www.kanker.gov.in में पृथक से किया जावेगा। अभ्यर्थी नियमित रूप से वेबसाईट का अवलोकन करते रहे, इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से कोई सूचना नही दी जावेगी।

(चयन समिति द्वारा अनुमोदित)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला –उ.ब.कांकेर (छ0ग0)

Scanned with OKEN Scanner

स्वयं के द्वारा सत्यापित नवीनतम फोटो चस्पा करें

# आवेदन पत्र प्रारूप

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला उ.ब.कांकेर (छ०ग०)
विज्ञापन क्रमांक व दिनांक..........................................
आवेदित पद का नाम..........................................

1. आवेदक /आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :..........................................
(अंग्रेजी में) :..........................................
2. पिता / पति का नाम :..........................................
3. जन्म तिथि (अंको में) :..........................................
(शब्दों में) :..........................................
4. आयु दिनांक 01/01/2026 जनवरी से :वर्ष..................माह..................दिन........
(प्रमाण पत्र/अंकसूची की सत्यापित प्रति संलग्न करे)
5. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :..........................................
:..........................................
6. स्थायी पता / मोबाईल नंबर :..........................................
:..........................................
:..........................................
7. रोजगार कार्यालय का नाम एवं एवं जीवित पंजीयन :..........................................
क्रमांक एवं दिनांक (सत्यापित छायाप्रति संलग्न करे) :..........................................
8. क्या आवेदक आयु सीमा में छूट चाहते है यदि हाँ :..........................................
तो किस श्रेणी से उल्लेख करें ।
9. क्या आवेदक छ०ग० राज्य का मूल निवासी है :..........................................
यदि हाँ तो समक्ष अधिकारी द्वारा मूल निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करे।:..........................................
10. क्या आवेदक छ०ग० शासन द्वारा छ०ग० राज्य के लिए घोषित अनुसूचित जाति :..........................................
जनजाति /अन्य पिछडा वर्ग का सदस्य है हॅा/नही । यदि हाँ तो समक्ष अधिकारी द्वारा जाति प्रमाण प्रत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करे।
11. क्या आवेदक विकलॉग है :..........................................
12. विकलांग का प्रकार एवं प्रतिषत :..........................................
(मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करे :..........................................
13. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है हॉ/नही :..........................................
यदि हाँ तो समक्ष अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें :..........................................
14. क्या आवेदक विवाहित है ? हॉ /नही :..........................................
यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि :..........................................
जीवित बच्चो की संख्या एवं जन्मतिथि :..........................................

Scanned with OKEN Scanner

15. शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी योग्यता :

| क्र0 | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि./ संस्थान | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक /पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

(प्रमाण पत्र एवं अंकसूची संलग्न करे।)

16. कार्यानुभव :–

| क्रं. | पद का नाम | कार्यालय का नाम | कुल कार्य अवधि | कार्य विवरण | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

(कार्य अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करे।)

17. क्या आवेदक शासकीय/अर्धषासकीय संस्थान में सेवारत है ? हॉ /नही यदि हॉ तो समक्ष अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करे ..............................................................

18. क्या आवेदक /आवेदिका के विरूद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण थाने किसी थाने/न्यायालय में अनुसंधान /विचारण हेतु लंबित है। अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें । :... ..............................................................

19. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची 1.............................. 2.............................. 3..............................

.4.............................. 5.............................. 6.............................. 7..............................

8..............................9..............................10..............................11..............................

12..............................

आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर

## घोषणा पत्र

मै एतद् द्वारा घोषणा करता /करती हूं कि इस प्रपत्र में प्रस्तुत समस्त विवरण एवं संलग्न अभिलेख मेरी व्यक्तिगत जानकारी और विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य है । यदि कोई भी जानकारी /अभिलेख असत्य पाई जाती है तो मेरी उम्मीदवारी /नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी एवं मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी ।

स्थान :..............................

आवेदक /आवेदिका के हस्ताक्षर

दिनांक :..............................

Scanned with OKEN Scanner